विद्यार्थियों को दिलाई मतदान की शपथ

पुष्कर | राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान की अलख जगाई। प्राचार्य डॉ. मिलन यादव ने छात्र-छात्राओं को मतदान का महत्व बताते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। स्वीप टीम के सुरेंद्र ने केवाईसी, सी-विजिल, वोटर हैल्पलाइन आदि की जानकारी दी। रोशनदीप श्रीमाली व पुष्पा धमैया ने भी विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रेरित किया। कॉलेज की स्वीप प्रभारी डॉ. ऋतु सारस्वत ने आभार जताया।

दैनिक नवज्योति
Anchal - 29 Mar 2024 - Page 5

मतदान करने की दिलाई शपथ

पुष्कर। राजकीय महाविद्यालय में स्वीप (ईएलसी) के तत्वाधान में गुरुवार को मतदान जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। पुष्कर स्वीप प्रभारी डा. रोशनदीप श्रीमाली, पुष्पा धगैया, डा. समीक्षा आदि ने विद्यार्थियों को मतदान के संबंध में जागरूक किया। वहीं सुरेन्द्र ने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्मित एप (केवाईसी, सक्षम, सी-विजिल एवं वोटर हैल्पलाईन) के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी दी। प्राचार्य डा. मिलन कुमार यादव ने मतदान के महत्व को समझाते हुए शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य डा. संध्या रैना, डा. रश्मि भटनागर एवं डा. विष्णु परमार मौजूद थे। अंत में स्वीप प्रभारी डा. ऋतु सारस्वत ने आभार जताया।